ED-2211

B.A./B.A. B.Ed. (Part-III)
Examination, 2022

(Old Course)

FOUNDATION COURSE

Paper - I

Hindi Language

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75
[*Minimum Pass Marks* : 26

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई-I

1. (क) राष्ट्रकवि दिनकर ने राष्ट्र के प्रति अपनी सद्भावना किस रूप में व्यक्त की है? 8

अथवा

"सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सांस्कृतिक विविधता अपरिहार्य है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ख) कथन शैली किसे कहते हैं? कथन शैली के प्रकारों को उदाहरण सहित समझाइए। 7

अथवा

किस शैली में वैयक्तिता दिखाई देती है? परिभाषा, अर्थ सहित उस शैली की विशेषताएं लिखिए।

इकाई-II

2. (क) विकासशील एवं विकसित देशों में शिक्षा, कुपोषण, प्रजनन दर, शिशु एवं मातृत्व मृत्यु दर एवं जीवन प्रत्याशा पर अपने विचार संक्षेप में लिखिए। 8

अथवा

प्रो० अमर्त्य सेन ने आर्थिक विकास एवं कल्याण के लिए किन बातों पर जोर दिया है?

(ख) विनम्रतासूचक संरचनाओं से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए। 7

अथवा

विधिसूचक वाक्य की विशेषताएँ उदाहरण सहित समझाइए।

इकाई-III

3. (क) ''प्रौद्योगिकी अपने आप में मूल्यों के प्रति तटस्थ है। वह शब्दों को सुखद तथा नाटकीय दोनों बना देती है।'' इस कथन से लेखक का क्या अभिप्राय है? 8

अथवा

पारिस्थितिकी तंत्र से आप क्या समझते हैं? पारिस्थितिकी तंत्र की संरचना स्पष्ट कीजिए।

(ख) कार्यालयीन पत्र किसे कहते हैं? इसकी उपयोगिता, आवश्यकता एवं शैली को रेखांकित कीजिए। 7

अथवा

अनुस्मारक या स्मरण पत्र किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। अनुस्मारक का प्रारूप लिखिए।

इकाई-IV

4. (क) भारत में बेरोजगारी निवारण संबंधी सरकारी नीतियों पर प्रकाश डालिए। 8

अथवा

मारत में गरीबी का अनुमान किन-किन अर्थशास्त्रियों ने लगाया है? किसी एक अर्थशास्त्री के विचार लिखिए।

(ख) एक सफल अनुवादक की क्या विशेषताएँ हैं, एवं अनुवाद करते समय किन बातों का ध्यान रखा जाता है? 7

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

(*i*) राम को ईश्वर के रूप में स्वीकार किया गया है।

(*ii*) वह मुझे रास्ते में मिला।

(*iii*) वह फुटबॉल खेल रहा है।

(*iv*) मैं आपसे सहमत हूँ।

(*v*) महात्मा गाँधी को कौन नहीं जानता।

(*vi*) मैं जल्दी आना चाहता हूँ।

(*vii*) वह फिल्म देख रही है।

इकाई-V

5. (क) ऊर्जा क्या है? ऊर्जा के विभिन्न प्रकारों का विवरण देते हुए ऊर्जा के महत्व को समझाइए। 8

अथवा

"आरक्षण शक्तिमानता के लिए अपर्याप्त है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ख) प्रतिवेदन किसे कहते हैं तथा वे कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। 7

अथवा

औपचारिक एवं अनौपचारिक पत्रों में अन्तर बताइए।